हिमाचल अभी अभी

ABHI ABHI

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

नई सोच नई खोज

प्रधान संपादक : डॉ. राजेश शर्मा साप्ताहिक

प्रेरक : स्व. पंडित बालकृष्ण शर्मा

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 12 अंक 39 कांगड़ा। शनिवार, 28 नवंबर -04 दिसंबर, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 12 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत् 2083 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 | Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

सीएम सुक्खू ने बुन लिया ताना-बाना, 'बड़ी योजना' लाने की चल रही तैयारी



- 3.50 लाख परिवारों को मिलेगा 10 लाख का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा
- जेब से नहीं देना होगा प्रीमियम, 75 हजार आय सीमा हो गई तय
- हिमकेयर की जगह आया नया मॉडल, 10 लाख तक कैशलेस इलाज
- अपना परिवार-सुखी परिवार के तहत चयनित परिवारों को मिलेगा लाभ

राहुल कुमार

हिमाचल प्रदेश में महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक आर्थिक सहायता और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के बाद अब प्रदेश सरकार पात्र परिवारों को बड़ा स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा कवच देने की तैयारी में जुट गई है। 'मुख्यमंत्री अपना परिवार-सुखी परिवार योजना' के तहत चयनित परिवारों को सालाना 10 लाख रुपये तक का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करवाया जाएगा। सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल से प्रदेश की करीब 3.50 लाख महिलाओं के परिवारों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है।

इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पात्र परिवारों को स्वास्थ्य बीमा के लिए अपनी जेब से कोई प्रीमियम नहीं चुकाना होगा। सरकार का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में होने वाले भारी-भरकम खर्च से राहत दिलाना है। गौरतलब है कि सरकार ने 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की करीब 3.50 लाख महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक देने की अधिसूचना जारी की है, जिसके लिए परिवार की अधिकतम सालाना आय सीमा 75 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इन्हीं पात्र परिवारों को अब 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य सुरक्षा कवर मिलने से बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।

इसके साथ ही प्रदेश सरकार मौजूदा 'हिमकेयर योजना' को भी नए बीमा मॉडल में बदलने की तैयारी कर रही है। हिमकेयर में पहले जहां पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा मिलती थी, वहीं अब इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। इस योजना के संचालन के लिए आठ बीमा कंपनियों ने निविदा प्रक्रिया में भाग लिया था और वर्तमान में सरकार चयनित कंपनी के साथ अंतिम दौर की बातचीत कर रही है।

नई बीमा व्यवस्था के तहत लाभार्थियों को उनकी आर्थिक स्थिति और रोजगार के आधार पर छह अलग-अलग श्रेणियों में बांटने की तैयारी की जा रही है। इनमें बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे), सामान्य परिवार, आउटसोर्स और अनुबंध कर्मचारी सहित अन्य श्रेणियां शामिल होंगी, जिसमें गरीब परिवारों को प्रीमियम में अधिक राहत प्रदान की जाएगी। इस प्रकार दो अलग-अलग पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा दी जाएगी, जहां 'अपना परिवार-सुखी परिवार योजना' के चयनित परिवारों को पूरी तरह प्रीमियम मुक्त बीमा मिलेगा, वहीं हिमकेयर के स्थान पर प्रस्तावित नई योजना का लाभ निर्धारित श्रेणियों के अनुरूप दिया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव आशीष सिंहमार के अनुसार स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही अधिसूचित कर दिया जाएगा।

YouTube देखें वीडियो